रांची
www.vananchaleye@gmail.com
हिन्दी दैनिक
# वनांचल आई
हर खबर पर पहली नजर
₹5
PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 वर्ष:01 अंक:60 मंगलवार,04 नवम्बर



## ब्रीफ न्यूज

### पीएम मोदी बोले- भारत तकनीक से बदलाव लाने का लीडर



एजेंसी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के बने भारत मंडपम में इमर्जिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी इनोवेशन कॉन्क्लेव (ईएसटीआईसी) 2025 में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान देश में रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएण्डडी) इकोसिस्टम को बढ़ाने के लिए एक लाख करोड़ रुपए की रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन स्कीम फंड लॉन्च किया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत अब केवल टेक्नोलॉजी का कन्ज्यूमर नहीं रह गया है। वह टेक्नोलॉजी के जरिए ट्रांसफॉर्मेशन का पायोनियर बन गया है। दुनिया का सफल डिजिटल पबिलक इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत के पास है ईएसटीआईसी 2025 कॉन्?लेव 5 नवंबर तक चलेगा। इसमें एजुकेशन, रिसर्च, उद्योग से जुड़े 3,000 से ज्यादा प्रतिभागी, नोबेल पुरस्कार विजेता, प्रख्यात वैज्ञानिक, इनोवेटर्स और पॉलिसी मेकर्स शामिल हो रहे हैं। जब विज्ञान का पैमाना मिलता है, जब नवाचार समावेशी हो जाता है, जब प्रौद्योगिकी परिवर्तन को प्रेरित करती है, तब बड़ी उपलब्धियोंकी नींव रखी जाती है।

### स्पेनिश महिला से गैंगरेप मामले पर पीआईएल बंद

संवाददाता

दुमकाःदुमका में स्पेन की महिला टूरिस्ट के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार के जवाब को देखते हुए इस जनहित याचिका को बंद कर दिया। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता शाहबाज अख्तर नेकोर्ट को बताया गया था कि मामले में आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दिया गया है। 32 गवाहों में से 16 लोगों की गवाही हो चुकी है। आज भी इस मामले में गवाही होनी है। सरकार का पक्ष जानने के बाद कोर्ट ने कहा कि मामले में सरकार की ओर से आवश्यक कदम उठाए गए हैं, इसलिए इस मामले में अब और मॉनिटरिंग की आवश्यकता नहीं है। दरअसल, दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र में स्पेनिश बोलने वाली (ब्राजील निवासी) महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजामदिया गया था। वहीं

नवंबर के पहले सप्ताह से झारखंड में ठंड धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में अब हिमालय की ठंडी हवाओं ने दस्तक दे दी है। सुबह और शाम की ठंड में इजाफा हो रहा है, जिससे लोगों ने हल्की सर्दी का एहसास करना शुरू कर दिया है। राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है।

### हैदराबाद-बीजापुर हाईवे पर गलत दिशा से आ रहे डंपर ने बस को सामने से मारी टक्कर

# तेलंगाना में बस और डंपर की टक्कर, 19 लोगों की गई जान

## मृतकों में एक 10 महीने का बच्चा व 13 महिलाएं शामिल

एजेंसी

हैदराबादःसोमवार की सुबह तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में हैदराबाद-बीजापुर हाईवे पर भीषण हादसा हो गया। गिट्टी से लदे डंपर ने तेलंगाना रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (टीएसआरटीसी) की बस को टक्कर मार दी। हादसे में 19 लोगों की जान चली गई। मृतकों में एक 10 महीने का बच्चा, 13 महिलाएं और दोनों वाहनों के ड्राइवर शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि 22 लोग घायल हैं। सभी का अलग- अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। यह हादसा हैदराबाद से लगभग 60 किलोमीटर दूर चेवेल्ला पुलिस स्टेशन क्षेत्र में खानपुर गेट के पास हुआ। यह बस विकाराबाद जिले के तंदूर से हैदराबाद जा रही थी। गलत दिशा से आ रहे डंपर ने बस को सामने से टक्कर मारी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस बुरी तरह डैमेज हो गई औरडंपर पर लदी गिट्टी बस के अंदर यात्रियों परजा गिरी। इससे कई यात्री दब गए।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बस-डंपर दुर्घटना पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशिदेने की घोषणा की गई है।


### गिट्टी के नीचे दब गए कई यात्री

घटना के दिल दहला देने वाले वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें गिट्टी में दबे यात्री मदद के लिए पुकारते दिखे। पुलिस और बचावकर्मी लोगों को बाहर निकालने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे थे। बचाव दल को शवों को निकालने के लिए बस को काटना पड़ा। ड्राइवर और उसकी सीट के पीछे का हिस्सा टक्कर में सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। यहां बैठे अधिकतर यात्रियोंकी मौके पर ही मौत हो गई।



### पीएम ने मृतकों को 2-2 लाख रुपये मुआवजे का किया एलान

## 'रहेगा सबसे ऊपर हमारा तिरंगा, हम हैं टीम इंडिया...



### आज वर्ल्ड चैंपियंस से मिलेंगे पीएम नरेंद्र मोदी

एजेंसी

मुम्बई (एजेंसी)। विश्व कप जीत के बाद ड्रेसिंग रूम में माहौल जश्न में डूबा हुआ रहा। जीत की खुशी, आंखों में चमक और हाथों में तिरंगा, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ये तस्वीरें हर भारतीय के दिल को गर्व से भर देने वाली हैं। खिलाडि ?ों ने 'रहेगा सबसे ऊपर हमारा तिरंगा, हम हैं टीम इंडियाइ गाना गाते हुए मैदान से लेकर लॉकर रूम तक जीत का जश्न मनाया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप का फाइनल जीतकर इतिहास रच दिया है। भारत की बेटियों ने 47 साल के इंतजार को खत्म करते हुए देश का सपना पूरा किया है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे देश में गर्व और खुशी का माहौल है, देशभर में देर रात मने जश्न-ए-आतिशबाजी के रूप में देखा गया। बेटियों के पराक्रम से देशवासी गौरवान्वित हुए हैं।भारतीय महिला क्रिकेट टीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए नई दिल्ली आएगी। यह टीम फिलहाल मुंबई में है और बुधवार (04 नवंबर) को प्रधानमंत्री से मुलाकात करेगी।

## अनिल अंबानी की 3000 करोड़ की 40 प्रॉपर्टीज जब्त

### पाली हिल वाला घर भी शामिल, इसमें हेलीपैड से लेकर जिम और लाउंज

एजेंसी

मुम्बई मुंबई (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़ी 40 से ज्यादा प्रॉपर्टीज को अटैच कर दिया है। प्रॉपर्टीज में अनिल अंबानी का पाली हिल वाला घर भी है। अटैच की गई प्रॉपर्टीज की कुल वैल्यू 3,084 करोड़ रुपए बताई जा रही है। ये ए?शन मनी लॉन्ड्रिंग केस में लिया गया है, जिसमें यस बैंक से लिए लोन का फंड



डायवर्जन का मामला शामिल है। ईडी का कहना है कि ये प?लिक मनी रिकवर करने के लिए जरूरी हैं। प्रॉपर्टी अटैच करने का ये आदेश 31 अक्टूबर 2025 को पीएमएलए की धारा5(1) के तहत जारी किए गए।

## झारखंड कैबिनेट की हुई मीटिंग, 13 प्रस्तावों को दी गई स्वीकृति

### मांडर-चान्हो में भूमिगत पाइपलाइनसे होगी सिंचाई, ₹236 करोड़ मंजर

संवादाता

रांची : सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन में झारखंड कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 13 अहम प्रस्तावों को हरी झंडी गई। इन प्रस्तावों में किसानों के लिए सिंचाई परियोजना, गरीबों के लिए आवास, खिलाड़ियों के हित में फैसले, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार समेत कई फैसले शामिल हैं। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि जल संसाधन विभाग के तहत रांची जिला के मांडर और चान्हो प्रखंड में दक्षिण कोयल नदी से भूमिगत पाइपलाइन बिछाकर जल आपूर्ति की



योजना को मंजूरी दी गई। इस योजना के तहत 4055 हेक्टेयर भूमि को सिंचित किया जाएगा। इसके लिए 236.20 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। यह योजना कैम्बो मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना के रूप में चलाई जाएगी। घाटशिला (अनुसूचितजनजाति) विधानसभा उपचुनाव के संचालन के लिए झारखंड आकस्मिकता निधि से 7.84 करोड़ रुपये अग्रिम प्राप्त करने और निकासी की मंजूरी दी गई।

### हेलीकॉप्टर उड़ान सेवा को 6 माह का विस्तार

राज्य के वीआईपी और वीवीआईपी सरकारी दौरे के लिए 2+5 सीटर ट्विन इंजन बेल-429 हेलिकॉप्टर की सेवा को अगले छह महीनों के लिए समान दर और शर्तों पर बढ़ाने की स्वीकृति दी गई। झारखंड हेल्थ केयर एलाइड एंड पैरामेडिकल रूल्स-2025 को गठन की मंजूरी दी गई। इसके साथ ही मल्टीपर्पज स्टाफ सेवा नियमावली, 2025 को भी स्वीकृति मिली। इन नियमावलियों के तहत स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने का उद्देश्य है। दुमका जिले में बरमसिया से शहरघाटी मार्ग के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के लिए 44.93 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

## बिहार में जंगलराज वालों को सजा दें, बनाएं राजग की सरकार : पीएम मोदी



एजेंसी

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार विधानसभा सहरसा और कटिहार में चुनावी सभा को संबोधित किया। दोनों जगह उन्होंने कांग्रेस और राजद पर जमकर हमला बोला। सहरसा में प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार को एक बार फिर जंगलराज में धकेलने की कोशिश की जा रही है। राजद और कांग्रेस ने बदले की राजनीति में बिहार का विकास रोक दिया था। बिहार का फैसला अब सिर्फ बिहार का नहीं, बल्कि भारत के भविष्य का फैसला होगा। उन्होंने कहा कि जंगलराज की राजनीति को जनता ने एक बार हराया था और अब 2025 में उसे इतिहास से मिटा देने का समय आ गया है। बिहार को बचाने के लिए जंगलराज वालों को जनता सबक दे और बिहार को विकसित करने के लिए आगे आए। भारी बहुमत से राजग की सरकार बनवाइए।

## चुनावी सभा में प्रियंका गांधी बोलीं- नेहरू-इंदिरा को कोसने के लिए'अपमान मंत्रालय बनाएं मोदी

एजेंसी

**पटनाः** सरकारपटना (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सोमवार को जिले के सोनबरसा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि बिहार में मतदाता सूची से 65 लाख लोगों का नाम काट दिया गया है, जो न केवल उनके मताधिकार का हनन है, बल्कि सीधे तौर पर उनकी नागरिकता छीनने जैसा गंभीर कदम है। निर्धारित समय से करीब डेढ़ घंटे की देरी से सभास्थल पहुंची प्रियंका गांधी



ने अपने 25 मिनट के भाषण के दौरान राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव या तेजस्वी यादव का नाम नहीं लिया, बल्कि सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्रीअमित शाह को निशाने पर रखा।

घाटशिला

### मुसाबनी में झामुमो की चुनावी सभा को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

# एक ओर व्यापारी, दूसरी ओर गरीब : हेमंत सोरेन

संवादाता

मातदान 11 नवंबर को होना है। इसे लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इसी कड़ी में सोमवार को झामुमो के उम्मीदवार सोमेश चंद्र सोरेन के समर्थन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक ओर व्यापारियों की जमात है, तो दूसरी ओर गरीबों, मजदूरों, आदिवासियों और मूलवासियों की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा है। उन्होंने कहा कि व्यापारी लोग जनता से सिर्फ लेते हैं, कभी देते नहीं हैं। अगर उन्हें जरूरत पड़ी, तो वह आपका पैर पकड़ लेंगे औरकाम निकल गया तो गर्दन पकड़ लेंगे।हेमंत ने कहा कि जनता को तय करना है कि व्यापारी वर्ग के साथ जाना है या झामुमो के साथ। यह लड़ाई सिर्फ झारखंड की नहीं, बल्कि पूरे देश में आदिवासियों और मूलवासियों के अस्तित्व की लड़ाई है। हेमंत सोरेन दोपहर करीब 2.20 बजे

### यह चुनाव पूरे देश में आदिवासियों-मूलवासियों के अस्तित्व की है लड़ाई

**कभी कुछ देते नहीं, जनता से सिर्फ लेते हैं व्यापारी लोग मंच पर सीएम ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन व पूर्व मंत्री रामदास सोरेन को दी श्रद्धांजलिं**



### हेलीकॉप्टर से मुसाबनी स्थित कुईलीसुता मार्शल मैदान पहुंचे थे सीएम

हेलीकॉप्टर से मुसाबनी स्थित कुईलीसुता मार्शल मैदान पहुंचे थे। वहां पहले से ही हजारों की भीड़ मौजूद थी। मंच पर पहुंचते ही मुख्यमंत्री ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन और पूर्व मंत्रीरामदास सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

### दिए गए इंटरव्यू में अमेरिकी राष्ट्रपति का दावा

## रूस, पाकिस्तान और चीन भी कर रहे परमाणु परीक्षण : ट्रंप

एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि पाकिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहा है। उन्होंने यह बयान मीडिया को दिए गए एक इंटरव्यू में दिया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पास इतने परमाणु हथियार हैं कि दुनिया को 150 बार नष्ट किया जा सकता है, लेकिन रूस और चीन की गतिविधियों के चलते टेस्ट करना जरूरी है। जब ट्रंप से पूछा गया कि नॉर्थ कोरिया के अलावा कोई भी परमाणु टेस्ट नहीं कर रहा तो आप क्यों कर रहे हैं? इस पर ट्रंप ने कहा कि रूस, पाकिस्तान और चीन भी गुप्त परीक्षण कर रहे हैं, बस दुनिया को पता नहीं चलता। ट्रंप पहले



हीपेंटागन को परमाणु हथियारों की तुरंत टेस्टिंग शुरू करने का आदेश दे चुके हैं।उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पास इतने परमाणु हथियार हैं कि दुनिया को 150 बार नष्ट किया जा सकता है, लेकिन रूस और चीन की गतिविधियों के चलते टेस्ट करना जरूरी है। जब ट्रंप से पूछा गया कि नॉर्थ कोरिया के अलावा कोई भी परमाणु टेस्ट नहीं कर रहा तो आप क्यों कर रहे हैं? इस पर ट्रंप ने कहा कि रूस, पाकिस्तान और चीन भी गुप्त परीक्षण कर रहे हैं, बस दुनिया को पता नहीं चलता।

**जेएसएलपीएस और ग्रांट थॉर्नटन भारत के सहयोग से राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन**

# कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका के नए आयाम स्थापित करना : अनन्य मित्तल

**सखी मंडल से जुड़ आजीविका शुरू कर आत्मनिर्भर बनी महिलाओं ने साझा किये अनुभव**

**रांची, संवाददाता।**



झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित कार्यशाला में सीईओ-जेएसएलपीएस श्री अनन्य मित्तल ने कहा कि वर्तमान में सरकार की विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं का लाभ 33 लाख से अधिक सखी मंडल की महिलाओं तक पहुँचाया जा रहा है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका के नए आयाम स्थापित करना है। आवश्यकता है कि हम सभी जिलों में उपलब्ध परिसंपत्तियों का पुनः उपयोग सुनिश्चित करें ताकि समुदाय को अधिकतम लाभ मिल सके। इस दिशा में DDCs और DPMs की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। यह पहल न केवल महिला सशक्तिकरण बल्कि ग्रामीण आर्थिक विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह कार्यशाला जेएसएलपीएस एवं Grant Thornton Bharat LLP के संयुक्त प्रयास से "Building Synergy: Orientation of DDCs & Asset Repurposing for Community Growth" विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन रांची में किया गया। ग्रांट थॉरंटोंन भारत एलएलपी के पार्टनर श्री चिराग जैन ने बताया कि एसेट रिपर्पोज़िंग के माध्यम से खाली पड़ी सरकारी इमारतों का उपयोग महिला नेतृत्व वाले व्यवसायों के लिए किया जा रहा है, जिससे स्थानीय समुदायों को आजीविका के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह मॉडल झारखंड जैसे राज्यों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला साबित होगा। कार्यशाला के दौरान दीनदयाल अन्त्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा जेएसएलपीएस के विभिन्न प्रभागों - एसआईएमबी , सामाजिक विकास, वित्तीय समावेशन, कृषि एवं गैर-कृषि आजीविका, लखपति दीदी पहल, दीन दयाल उपाध्याय- ग्रामीण कौशल्य योजना, पीवीटिजी एवं अल्ट्रा पुअर- पर विस्तृत प्रस्तुतियाँ दी गईं। इसके अतिरिक्त कृषि अवसंरचना कोष, पीएमएफएमई और रेसिंग एंड एक्सलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस(रैम्प) जैसी योजनाओं के अंतर्गत महिला उद्यमों को सशक्त बनाने के सफल उदाहरण भी साझा किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित उप विकास आयुक्तों के साथ इस दिशा में आवश्यक सहयोग और समन्वय पर भी चर्चा की गई। सखी मंडल से जुड़ आजीविका शुरू कर आत्मनिर्भर बनी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि खाली पड़ी सरकारी परिसंपत्तियाँ मिलने के बाद उन्हें अपने व्यवसायों का विस्तार करने और रोजगार सृजन में सहायता मिली है। इस कार्यशाला में सभी जिलों के उप विकास आयुक्त, जिला कार्यक्रम प्रबंधक तथा सखी मंडल की महिलाओं ने भाग लिया।

# एक्शन में झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, कई अफसरों और कर्मचारियों को शोकॉज का निर्देश

**रांची, संवाददाता।**



रांची-झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आज सोमवार को रांची जिले के चान्हो प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया. औचक निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में इऊ्ढ और उड से लेकर ज्यादातर कर्मचारी अनुपस्थित मिले. मंत्री ने कार्यालय परिसर के एक-एक कमरा का निरीक्षण किया. इस क्रम में मंत्री ने गांव से अपने काम को लेकर पहुंचे ग्रामीणों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली. ग्रामीणों ने अधिकारियों की अनुपस्थित की शिकायत भी की.

**लगातार मिल रही थी अनुपस्थिति की शिकायत**

चान्हो प्रखंड सह अंचल कार्यालय में फैले सन्नाटा और बंद कमरों को देखने के बाद मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची उ्ऊ को इसकी सूचना देते हुए शोकॉज करने का निर्देश दिया. बायोमैट्रिक उपस्थिति के आधार पर शोकॉज किया जाएगा. सीओ और बीडीओ को भी कार्यालय से अनुपस्थित होने का कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा गया है. चान्हो से लगातार प्रखंड कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारियों के समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने और कार्यालय से नदारद रहने की शिकायत मिल रही थी. इसी को ध्यान में रखते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की औचक निरीक्षण करने पहुंची थीं.

**मांडर में लापरवाह अधिकारी की जरूरत नहीं-मंत्री**

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय में एक सरकारी व्यवस्था के तहत काम का निबटारा होता है. जब वो कार्यालय पहुंचीं तो अधिकारी और पदाधिकारी से लेकर कर्मचारी तक अनुपस्थित मिले. रांची उ्ऊ को इसकी सूचना देते हुए शोकॉज करने का निर्देश दिया है. उन्होंने कहा कि अगर व्यवस्था और अनुशासन के तहत अधिकारी-कर्मचारी काम नहीं करते हैं तो ऐसे अधिकारी की आवश्यकता मांडर विधानसभा क्षेत्र में नहीं है.

# घाटशिला उपचुनाव: ओडिशा के सीएम की जनसभा आज, भाजपा में उत्साह

**रांची, संवाददाता।**



घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में सियासी पारा लगातार चढ़ता जा रहा है. इसी क्रम में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी 4 नवंबर को घाटशिला के दौरे पर रहेंगे. भाजपा ने उनके कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं और पार्टी कार्यकताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है. मुख्यमंत्री मांझी पूर्वाह्न 10 बजे घाटशिला ब्लॉक के गंधानीयाहाट मैदान में और अपराह्न 12:05 बजे गुड़ाबांधा ब्लॉक के बलियापोश फुटबॉल मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे. भाजपा नेताओं के अनुसार इस दौरे से चुनावी अभियान को नई गति और मजबूती मिलेगी. भाजपा घाटशिला उपचुनाव को प्रतिष्ठा का मुद्दा मानकर पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतर चुकी है. एनडीए उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन के समर्थन में पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता लगातार घर-घर संपर्क और जनसभा के माध्यम से जनता से जुड़ रहे हैं. पार्टी का दावा है कि क्षेत्र में प्रचार अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है और जनता से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है. स्थानीय भाजपा नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री मांझी का संबोधन पार्टी कार्यकताओं में उत्साह और ऊर्जा भर देगा और जनता को भाजपा के विजन से अवगत कराएगा. जनसभा में भारी भीड़ जुटने की संभावना जताई जा रही है.

# सिख समुदाय ने गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर निकाला भव्य नगर कीर्तन

**रांची, संवाददाता।**



सिख समुदाय ने गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व सोमवार को मनाया. रातू रोड स्थित मेट्रो गली दीवान गुरुद्वारा मैदान से भव्य नगर कीर्तन शुरू किया गया. यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, गुरूद्वारा श्री गुरूनानक सत्संग सभा द्वारा आयोजित था. इस कार्यक्रम में करीब 20-25 झांकियों को शामिल किया गया. चौक चौराहों पर भव्य रूप से स्वागत किए गए.

**वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह के जयघोष से गूंज उठा शहर**

नगर कीर्तन मेट्रो गली गुरुद्वारा से प्रारंभ हुआ, जो रातु रोड, अपर बाजार, फिरायालाल, मेन रोड होते हुए पीटी कंपाउंड गुरुद्वारा में जाकर सम्पन्न हुआ. मुख्य मार्गों में समाजसेवी, व्यापारी संगठनों और आम श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया. इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह शुद्ध जल, शरबत, बिस्कुट और चॉकलेट का वितरण किया गया. गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सोनू सेठी, परमजीत सिंह टिंकू, गगनदीप सेठी, हरमित सिंह, तेवाना जी और सुरजीत सिंह समेत सैकड़ो लोगों के नेतृत्व में नगर कीर्तन को सफल बनाया गया.

**झांकी के माध्यम से दिखाया बाढ़ से प्रभावित लोगों को**

करीब 25 से 30 झांकियां नगर कीर्तन की शोभा में शामिल हुई जिनमें गुरु नानक देव जी के जीवन प्रसंगों को आकर्षक रूप में दशार्या गया. वहीं, पंजाब से आई बैंड पार्टी की धुनों ने श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित किया. तो वही गुरूगोविंद सिंह पब्लिक स्कूल के छात्रों ने पंजाब में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों को अपनी झांकियों के माध्यम से प्रदर्शित किया.

**छात्रों ने सांस्कृतिक व धार्मिक प्रस्तुतियों से समा बांधा**

कार्यक्रम में भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए पुष्पमाला अर्पित की. वहीं, उदय शंकर ओझा मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप सिंह कैप्टन, दीपक ओझा और ललित नारायण ओझा ने भी स्वागत में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. वहीं, अलबर्ट एक्का चौक में भी विभिन्न स्थानों पर झांकियों का स्वागत किया गया. गुरुनानक सत्संग गुरुद्वारा, गुरुनानक स्कूल और गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सांस्कृतिक व धार्मिक प्रस्तुतियों से समा बांध दिया. गुरुनानक हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों द्वारा किया गया अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा.

# बच्चों की मौत पर भाजपा कर रही है राजनीति : विनोद पांडेय

**रांची, संवाददाता।**



जेएमएम के महासचिव विनोद पांडेय ने चाईबासा सदर अस्पताल में थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाए जाने की घटना पर भाजपा के राज्यव्यापी धरना को निर्लज्ज राजनीति करार दिया है. उन्होंने कहा कि भाजपा बच्चों की मौत जैसी दुखद घटना पर भी राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय है. पांडेय ने बताया कि जैसे ही मामला सामने आया, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वास्थ्य विभाग को उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए. वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसी को भी बख्शेगी नहीं. झामुमो महासचिव ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था की दुर्दशा की जिम्मेदार पूर्ववर्ती भाजपा सरकार है. वर्षों तक भ्रष्टाचार और अव्यवस्था को बढ़ावा दिया गया. अब जब मौजूदा सरकार सुधार के प्रयास कर रही है, भाजपा अफवाह फैलाकर जनता को गुमराह करने में जुटी है. पांडेय ने भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें शर्म आनी चाहिए कि वे इस त्रासदी को राजनीतिक मंच बना रहे हैं. उन्होंने सवाल किया कि भाजपा शासन में जब दर्जनों ब्लड बैंक बिना लाइसेंस के चल रहे थे, तब मरांडी कहां थे. उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार ने ब्लड बैंकों की सख्त मॉनिटरिंग शुरू कर दी है और दोषियों को जेल भेजने में कोई ढिलाई नहीं होगी.

# इंडियन बैंक के एमडी एवं सीईओ, बिनोद कुमार ने इंडसेटी हजारीबाग का नवीनीकृत भवन का किया उद्घाटन

**रांची, संवाददाता।**



भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती झारखंड में श्री बिनोद कुमार, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इंडियन बैंक 03 नवंबर 2025 से 05 नवम्बर तक झारखंड के दौरे पर है। अपने दौरे के दौरान दिनांक 03.11.2025 को श्री बिनोद कुमार ने इंडसेटी हजारीबाग के नवीनीकृत भवन का उद्घाटन किया। ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी), भारत सरकार के निदेर्शानुसार हमारे बैंक ने ग्रामीण युवाओं में स्व-रोजगार को बढ़ावा देने हेतु कौशल विकास और उद्यमिता पर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु इंडियन बैंक स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (इंडसेटी) स्थापित किए हैं। अपने वक्तव्य में कहा कि उन्होने इंडसेटी हजारीबाग संस्थान उन व्यक्तियों को प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करता है जो अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं या स्व-रोजगार करना चाहते हैं। उन्होने कहा कि यहाँ के उद्यमियां व्यवसाय शुरू कर आगे बढ़कर दूसरे को प्रेरित कर रहे है। वे इंडियन बैंक से ऋण लेकर अपने जीवन को सशक्त बना रहे हैं। महिलाएं भी जागरूक होकर आगे बढ़े, इंडसेटी से प्रशिक्षण लेकर अपना खुद का व्यवसाय शुरू करें। उन्होंने उद्यमियों एवं प्रशिक्षु के साथ संवाद किया एवं अपने बहुमूल्य विचार से सभी को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इंडसेटी हजारीबाग ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने इंडसेटी प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण का अवलोकन भी किया एव आवश्यक निर्देश दिया। कॉर्पोरेट सामाजिक उतरदायित्व के तहत जिला स्कूल हजारीबाग को मुख्य अतिथि श्री नकुलदेव सिंह, शिक्षाविद द्वारा वाटर प्युरीफायर, वाटर कूलर , डिस्पोजर एवं साउंड बुमबॉक्स का भी वितरण किया गया। यह वितरण कॉर्पोरेट कार्यालय के महाप्रबंधक श्री चद्रशेखरन वी, क्षेत्र महाप्रबंधक पटना के महाप्रबंधक श्री विवेक एवं रांची अंचल के अंचल प्रबंधक श्री राजेश शरण की गरिमामय उपस्थिती में हुआ। इसके अलावा स्कूल में वृक्षारोपण भी किया गया।

# आरएसएस स्वयंसेवक आराधना कुमारी ने गुमशुदा बच्चे को परिवार से मिलवाया

**रांची, संवाददाता।**



मारवाड़ी महाविद्यालय रांची की एनएसएस स्वयंसेवक आराधना कुमारी ने एक तीन वर्षीय गुमशुदा बच्चे को उसकी मां से मिलवाया. जब आराधना कुमारी (हिंदी विभाग), पिस्का मोड़ स्थित फैशन सिटी मॉल के पास से गुजर रही थीं. तभी उन्हें सड़क किनारे एक तीन वर्ष का बच्चा मिला जो अपने घर से लगभग 1000 मीटर दूर भटक आया था. पूछताछ में बच्चे ने अपना नाम अर्चित और पिता का नाम राजू बताया. आराधना ने अपने एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर अनुभव चक्रवर्ती और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार के मार्गदर्शन में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दी. तत्पश्चात उन्होंने बच्चे को सुखदेव नगर थाना ले जाकर पुलिस को जानकारी दी. आराधना की पहल पर एनजीओ 'सार्थक' को भी सूचित किया गया. पुलिस, सोशल मीडिया और एनएसएस टीम के सहयोग से बच्चे की तस्वीरें प्रसारित की गईं. सुखदेव नगर थाना प्रभारी ने बच्चे को चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपुर्द करने का निर्णय लिया. आराधना और उनके सहपाठी विष्णु कुमार महतो स्वयं बच्चे को संस्थान तक छोड़ने पहुंचे. तभी एएसआई का फोन आया कि बच्चे की मां ने थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है. इसके बाद बच्चे को सुरक्षित उसकी मां के हाथों में सौंप दिया गया. महाविद्यालय प्रशासन ने आराधना और विष्णु कुमार की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल एक बच्चे की जान बचाई, बल्कि समाज में मानवता और जिम्मेदारी की मिसाल पेश की है.

# अवैध बूचड़खाना संचालित स्थल पर निगम की सख्त कार्रवाई, रांची नगर निगम ने दी चेतावनी - अब कोई बख्शा नहीं जाएगा

**रांची, संवाददाता।**



रांची नगर निगम ने अवैध बूचड़खानों पर सख्त रुख अपनाते हुए सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है. निगम के अपर प्रशासक संजय कुमार के निर्देश पर निगम की टीम ने लोअर बाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आजाद बस्ती, गुदरी इलाके में संचालित अवैध बूचड़खाने पर छापेमारी की. निगम ने संबंधित भूखंड को अवैध गतिविधियों से मुक्त कराते हुए उसे अपने कब्जे में ले लिया. निगम के अनुसार, यह कार्रवाई कोकर मौजा, थाना- लोअर बाजार, सर्वे वार्ड संख्या-क्ष्ल, एमएस प्लॉट संख्या 1610, रकबा 19.3 डिसमिल भूमि पर की गई, जो रांची नगर निगम की संपत्ति है. निगम के अनुसार, इस भूमि को किसी प्रकार के बूचड़खाने या वाणिज्यिक गतिविधि के लिए स्वीकृति नहीं दी गई थी.

**अपर प्रशासक ने दिए कड़े निर्देश**

अपर प्रशासक संजय कुमार ने कहा कि नगर निगम की भूमि का किसी भी प्रकार से अवैध उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) को औपचारिक पत्र लिखकर संबंधित दंडाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो. साथ ही उन्होंने क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान को और सशक्त करने के निर्देश दिए हैं.

**कानून के दायरे में लाए जाएंगे दोषी**

निगम प्रशासन ने साफ किया है कि रांची नगर निगम क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध बूचड़खाना गतिविधि को अब किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. अपर प्रशासक ने कहा कि अवैध व्यावसायिक गतिविधियों एवं बूचड़खानों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में किसी भी तरह की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा. नगर निगम ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि किसी क्षेत्र में इस प्रकार की अवैध गतिविधि या बूचड़खाने के संचालन की जानकारी हो, तो तुरंत नगर निगम को सूचित करें ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके. साथ ही निगम ने स्पष्ट किया कि अवैध निर्माण, अवैध कब्जा या गैरकानूनी व्यवसाय के खिलाफ यह अभियान अब निरंतर जारी रहेगा.

**एक्शन मोड में नगर निगम**

निगम के प्रवक्ता ने बताया कि नगर निगम की इंजीनियरिंग टीम, स्थानीय थाना, पुलिस बल और अंचल प्रशासन की सहायता से यह कार्रवाई पूरी की गई. इस कार्रवाई से शहर में अवैध बूचड़खानों के खिलाफ निगम के रुख का स्पष्ट संदेश गया है कि अब किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

# 25 साल का झारखंड, सिल्वर जुबली स्थापना दिवस को यादगार बनाने की तैयारी, 11 नवंबर से होगी कार्यक्रम की शुरूआत

**रांची, संवाददाता।**

15 नवंबर 2000 को झारखंड अपनी स्थापना के 25 साल पूरे करने जा रहा है. राज्य सरकार ने सिल्वर जुबली समारोह को यादगार बनाने की व्यापक तैयारी शुरू की है. ऐसा पहली बार होगा जब सात दिन तक राज्य स्थापना दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. इसकी शुरूआत 11 नवंबर से ही हो जाएगी. इसमें समाज के हर वर्ग को शामिल करने की तैयारी की जा रही है. मुख्य सचिव अविनाश कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम को लेकर एक खाका तैयार किया गया है. विभागों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय कर दी गई है.



**झारखंड@25 थीम पर कार्यक्रम**

स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ 11 नवंबर 2025 को हो जाएगा. मुख्य कार्यक्रम 15 नवंबर 2025 को होगा. 16 नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा. 29 नवंबर 2025 को मोरहाबादी मैदान में समापन समारोह का आयोजन होगा.

11 नवंबर को पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से सभी जिलों में 'Run for Jharkhand' का आयोजन होगा. इसी दिन सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से सभी जिलों के लिए छ्एऊप्रचार वाहन को रवाना किया जाएगा.

12 नवंबर को पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से सुबह-ए-झारखंड कार्यक्रम के तहत रांची के निर्धारित मार्ग पर सुबह 6 बजे से 8 बजे तक पारंपरिक नृत्य का आयोजन होगा.

13 नवंबर को पर्यटन विभाग की ओर से 'Know your tourist place' के तहत प्रमंडलीय मुख्यालयों में साइकिल रैली निकाली जाएगी जो प्रमंडल स्तर पर पर्यटन स्थल का भ्रमण कर प्रचार प्रसार को बढ़ावा देगी.

14 नवंबर को एसटी-एससी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और रांची नगर निगम की ओर से रांची के निर्धारित मार्ग पर जतरा का आयोजन होगा. इसके साथ ही 11 नवंबर से 14 नवंबर तक स्कूल और कॉलेज स्तर पर पेंटिंग, डिबेट और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन होगा.

**प्रदर्शनी का आयोजन**

मोरहाबादी मैदान में मुख्य कार्यक्रम स्थल के पास प्रदर्शनी का आयोजन होगा. इसमें सभी जिले भाग लेंगे. यहां अलग-अलग विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे. धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का आंदोलन, उनके संघर्ष और जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन होगा. साथ ही झारखंड आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले दिवंगत शिबू सोरेन के जीवनवृत्त और उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी.

**भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती**

15 नवंबर 2025 को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है. इस मौके पर 2 बजे से 4 बजे तक कार्यक्रम का आयोजन होगा. इसके अलावा 16 नवंबर को 12 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. स्थापना दिवस यानी 15 नवंबर को 11 बजे से 1 बजे तक जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इस दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य को कई सौगात देंगे.




# मांडर विधानसभा क्षेत्र में कैम्बो मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना को झारखंड कैबिनेट की मंजूरी

संवाददाता । रांची

मांडर : मांडर विधानसभा क्षेत्र के किसानों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित कैम्बो मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना को सोमवार को झारखंड कैबिनेट ने हरी झंडी दे दी है। कुल 236 करोड़ 20 लाख 81 हजार रुपए की इस महत्वाकांक्षी योजना से मांडर और चान्हो प्रखंड के 14 गांवों में 4,055 हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।इस योजना के तहत दक्षिणी कोयल नदी से भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से पानी लिफ्ट करके खेतों तक पहुंचाया जाएगा, जिससे खासतौर पर रबी फसल लगाने वाले किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। योजना में डाइवर्जन संरचना, एप्रोच चैनल, पंप हाउस, पावर सब स्टेशन, भूमिगत पाइपलाइन, डिलीवरी चेंबर, डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम और कंट्रोल मेकैनिज्म जैसी आधुनिक तकनीक शामिल होगी।लाभान्वित होने वाले गांवों में कैम्बो, लुण्डरी, बरहे, बेजांग, हुटार, चान्हो, सरगांव, मुरजुली, बाँसजारी, गुरगुरजारी, कुरकुरा, बखार, सोसई और बंझिला शामिल हैं।




मांडर और चान्हो प्रखंड कृषि प्रधान क्षेत्र होने के कारण उच्च भौगोलिक स्थिति में पारंपरिक नहर प्रणाली से सिंचाई करना मुश्किल था, जिससे किसानों के आर्थिक और सामाजिक विकास पर असर पड़ता रहा।मांडर विधायक और राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन और कैबिनेट के अन्य मंत्रियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ये योजना किसानों के लिए वरदान साबित होगी और विशेषकर रबी फसल लगाने वाले किसानों की आर्थिक समृद्धि में योगदान देगी। राज्य की गठबंधन सरकार ने किसानों के दुख-दर्द को समझते हुए उन्हें यह सौगात दी है।मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने यह भी कहा कि मांडर के लिए यह अभी शुरूआत है और भविष्य में भी योजनाओं का सिलसिला जारी रहेगा।रांची जिले के मांडर और चान्हो प्रखंड में 2 अरब 36 करोड़ 20 लाख 81 हजार रुपये से कैंबो

### कैबिनेट : मांडर और चान्हो प्रखंड में 2.36 अरब रुपये से शुरू होगी कैंबो मेगालिफ्ट परियोजना

मेगालिफ्ट परियोजना की शुरूआत की जाएगी। इससे दोनों प्रखंडों के 14 गांवों के 4055 हेक्टेयर जमीन की सिंचाई होगी। यह निर्णयसोमवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया। बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने पत्रकारों को दी। कैबिनेट सचिव ने बताया कि इस योजना के अनुसार कैंबो मेगालिफट परियोजना के तहत दक्षिणी कोयल नदी से पानी लिफट (उद्वह) कर भूमिगत पाईपालाइन, डिलीवरी चैंबर, डिस्ट्रीब्यूरशन सिस्टम और कंट्रोल मैकेनिज्म का प्रावधान करते हुए योजना को लेकर आरंभिक योजना प्रतिवेदन (पीपीआर) तैयारकिया गया है।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से जेपीएससी सदस्य डॉ. जमाल अहमद की मुलाकात, भेंट की पुस्तक बाबा-ए-झारखंड

### शिबू सोरेन के जीवन संघर्ष पर आधारित पुस्तक बाबा-ए-झारखंड ने किया प्रेरित

संवाददाता । रांची

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड लोक सेवा आयोग (खढरउ) के सदस्य डॉ. जमाल अहमद ने शिष्टाचार मुलाकात की।इस अवसर पर डॉ. अहमद ने मुख्यमंत्री को अपनी नई पुस्तक ह्लबाबा-ए-झारखंड : शिबू सोरेन झ्र दानिश्वरों की नजर मेंह्व सप्रेम भेंट की। यह पुस्तक झारखंड आंदोलन के प्रणेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन के जीवन, संघर्ष और योगदान पर आधारित है।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुस्तक स्वीकार करते हुए डॉ. अहमद के इस साहित्यिक प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जीवन झारखंड की अस्मिता, संघर्ष और स्वाभिमान का प्रतीक रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि ऐसी पुस्तकें नई पीढ़ी को अपने इतिहास,



परंपरा और समाज के अग्रणी नेताओं के संघर्षों से जोड़ने का कार्य करती हैं। डॉ. जमाल अहमद ने बताया कि यह पुस्तक शिबू सोरेन के राजनीतिक, सामाजिक और जनसेवी जीवन पर किए गए वर्षों के गहन अध्ययन का परिणाम है।इसमें झारखंड आंदोलन से लेकर राज्य निर्माण तक की महत्वपूर्ण घटनाओं का विस्तृत और तथ्यपरक उल्लेख किया गया है। पुस्तक में यह दशार्ने का प्रयास किया गया है कि किस प्रकार एक सामान्य किसान परिवार से निकलकर शिबू सोरेन ने आदिवासी अस्मिता, जल-जंगल-जमीन और सामाजिक न्याय की लड़ाई को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाया।

लेखक ने इस पुस्तक के माध्यम से इतिहास के कई अछूते अध्यायों को सामने लाने की कोशिश की है। इसमें झारखंड आंदोलन के प्रमुख चरणों, सामाजिक बदलावों, आर्थिक असमानता और आदिवासी समुदाय के संघर्षों को गहराई से चित्रित किया गया है। भाषा सरल, संवादात्मक और शोधपरक होने के कारण यह पुस्तक न केवल शोधार्थियों बल्कि आम पाठकों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगी।पुस्तक की एक और खास बात यह है कि इसमें डॉ. जमाल अहमद के साथ-साथ कई आयु वर्ग के लेखक शामिल हैं, जो झारखंड, जम्मू-कश्मीर, बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र के निवासी हैं। सभी उप लेखकों का व्यवसाय भी अलग-अलग है अर्थात पुस्तक में बौद्धिक एकता, सजगता एवं अनुभव का अनोखा संगम है। उर्दू भाषा में लिखी और 416 पृष्ठों से सजी यह पुस्तक झारखंड के सामाजिक इतिहास का मौन एवं जनमानस की आकांक्षाओं का जीवित दस्तावेज है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आशा व्यक्त की कि ह्लबाबा-ए-झारखंडह्व पुस्तक राज्य के युवाओं को प्रेरित करेगी और झारखंड के गौरवशाली इतिहास को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## बेड़ों में पति ने पत्नी की तेजधार हथियार से की हत्या, गांव में मचा हड़कंप



संवाददाता । रांची

बेड़ो : बेड़ों थाना क्षेत्र के पाकलमेडी गांव में सोमवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां के निवासी अमित महतो ने अपनी पत्नी नीलम देवी की तेजधार हथियार से हमला कर हत्या कर दी।मृतका नीलम देवी, रातू थाना क्षेत्र के ग्राम बाजपुर निवासी ब्रजेश महतो की सुपुत्री थीं। जानकारी के अनुसार, नीलम देवी और अमित महतो की शादी वर्ष 2016-2017 के आसपास हुई थी। दंपती के दो छोटे बच्चे हैं, जो अपनी मां की मौत के बाद बेसुध हालत में रो रहे हैं।घटना की सूचना मिलते ही मृतका के माता-पिता और परिजन पाकलमेडी पहुंचे। बेटी का शव देखकर परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की जानकारी तुरंत बेड़ों थाना प्रभारी सुजीत कुमार उरांव को दी। पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच कर रही है।घटना की खबर फैलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए हैं। हत्या के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो सका है, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी पति की तलाश में जुटी है।

## जमीयतुल मोमिनीन चौरासी की बैठक संपन्न बैठक में कई प्रस्ताव पारित किए गए



संवाददाता । रांची

रांची ।जमीयतुल मोमिनीन चौरासी की बैठक हाजी मो मजहर की अध्यक्षता में मोखतार अंसारी के मकान में, जाकिर नगर, दिपाटोली में संपन्न हुई।

बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य को मनोनयन पत्र दिया गया। सचिव - मो सज्जाद अंसारी, कोकदोरो

कार्यकारिणी सदस्य

1- मोखतार अंसारी, दिपाटोली

2- मो गुलाम अली राही, दिपाटोली

बैठक में निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किए गए। 1- वक्फ जायदाद को वटएएऊपोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए राज्यस्तरीय अभियान चलाया जाएगा और रजिस्ट्रेशन में मदद किया जाएगा ।पूरे झारखंड के वक्फ रजिस्टर्ड प्रबंधन कमिटी से राबता कायम कर वटएएऊपोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए जागरुक किया जाएगा। रजिस्टर्ड वक्फ के प्रबंधन कमिटी के लोग अपने जिला से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं अगर दुश्वारी होगी तो जमिअतुल मोमेनिन चौरासी से सम्पर्क करें । उनलोगों को झारखंड राज्य सुननी वक्फ बोर्ड के कार्यालय से रजिस्ट्रेशन कराने में मदद किया जाएगा साथ ही दुसरे जिला से आए हुए लोगों का ठहरने का इंतजाम जमिअतुल मोमेनिन चौरासी झारखंड करेगी।2- आलिम-फाजिल की डिग्री जो खअउ के द्वारा निर्गत किया गया लेकिन आचार्य के पद पर नियुक्ति में मान्यता नहीं दी जा रही है, जमिअतुल मोमेनिन चौरासी झारखंड का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार से मिलकर कैबिनेट में पास कराने का आग्रह करेगा साथ ही आलिम फाजिल की परीक्षा रांची विश्वविद्यालय से कराने का आग्रह किया जाएगा।

3- रक्फ़के मुद्दे पर राज्यस्तरीय जागरुकता अभियान चलाया जाएगा और किसी को कागज बनाने में परेशानी होगी तो मदद किया जाएगा।

4- स्थानिय समस्याओं पर विचार-विमर्श हुआ और उसे आपसी सहयोग से हल करने का आश्वासन दिया गया।

## मेदांता हॉस्पिटल, रांची में अब गंभीर से गंभीर स्ट्रोक मरीज का सम्पूर्ण इलाज

- खून के थक्के को मस्तिक से हटाने के लिए एंडोवास्कुलर न्यूरो सर्जन डॉ. नंदिता कुजूर, जो झारखण्ड की पहली महिला न्यूरो सर्जन और राज्य की पहली एंडोवास्कुलर सर्जन भी हैं, अब झारखण्ड के लोगों को स्ट्रोक के इलाज के लिए अन्य राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा

संवाददाता । रांची



रांची,: मेदांता अब्दुर रज्जक अंसारी मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल, रांची में अब गंभीर से गंभीर स्ट्रोक मरीज की जान बचाने के लिए सम्पूर्ण इलाज की व्यवस्था उपलब्ध है। अब झारखण्ड के मरीजों को दिल्ली, मुम्बई आदि जगहों पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके लिए हॉस्पिटल में पारंपरिक न्यूरो सर्जरी के साथ एंडोवास्कुलर सर्जरी करने वाली डॉ. नंदिता कुजूर है। डॉ. कुजूर झारखण्ड की पहली महिला न्यूरो सर्जन और राज्य की पहली एंडोवास्कुलर न्यूरो सर्जन भी हैं जिन्होंने एम्स से न्यूरो एंडोवास्कुलर सर्जरी की डिग्री हासिल की है। मस्तिष्क में खून के थक्के जमने से स्ट्रोक आता है जिसे साधारणतया दवा और सूई देकर थक्के का इलाज किया जाता है, लेकिन अगर ठीक नहीं हो पा रहा है तो मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टोमी ऑपरेशन के जरिये खून के थक्के को हटाकर मरीज की जान बचाई जाती है। डॉक्टर कमर या कलाई की धमनी में एक छोटा-सा चीरा लगाकर ऑपरेशन करता है। चीरा के अंदर एक पतली ट्यूब जिसे कैथेटर कहते हैं, के द्वारा ऑपरेशन किया जाता है। मेदांता हॉस्पिटल को छोड़कर राज्य के किसी भी हॉस्पिटल में मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टोमी करने की व्यवस्था नहीं है। यह सर्जरी एक एंडोवास्कुलर सर्जन ही कर सकता है। डॉ. कुजूर भारत के इंस्टीच्यूट ऑफ नेशनल इंपोर्टेंस (आईएनआईएस) में से एक में फॉर्मल एंडोवास्कूलर न्यूरो सर्जरी डिग्री पाने वाली पहली कैंडिडेट हैं। सीएमसी वेल्लोर की छात्रा रह चुकी उन्होंने कई राज्य और राष्ट्रीय सम्मेलन में पेपर पेश किये हैं और एक राज्य स्तरीय सम्मेलन में पहला स्थान हासिल कर चुकी हैं। डॉ. कुजूर ने एएनइआईसीओएन 2025 सहित कई एकेडमिक क्विज किये हैं और उनके पास एंडोवास्कुलर और पारंपरिक न्यूरो सर्जरी दोनों में खास विशेषज्ञता हासिल है।हॉस्पिटल के डायरेक्टर श्री विश्वजीत कुमार ने कहा कि मेदांता हॉस्पिटल, रांची झारखण्ड के मरीजों को अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय इलाज देने को कटिवद्ध है ताकि यहां के मरीजों को इलाज के लिए राज्य के बाहर जाने की जरूरत न पड़े। उन्होंने कहा कि इसके लिए निरंतर मंथन चलते रहता है।

## रांची SSP देर रात निकले औचक निरीक्षण पर, दो थानेदारों से मांगा स्पष्टीकरण

संवाददाता । रांची

रांची : राजधानी रांची में कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने के लिए एसएसपी राकेश रंजन रविवार की देर रात अचानक सड़कों पर निकल पड़े। उनके इस औचक निरीक्षण की जानकारी किसी भी पुलिस अधिकारी या जवान को पहले से नहीं थी। एसएसपी ने देर रात बिरसा चौक, मेन रोड, हरमू, बायपास रोड, अरगोड़ा चौक समेत शहर के कई महत्वपूर्ण इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से बात की और मौके पर ही कई निर्देश दिए। उन्होंने वाहनों की चेकिंग, पुलिस बल की तैनाती और गश्ती व्यवस्था की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान एसएसपी को कुछ जगहों पर लापरवाही नजर आई। इस पर उन्होंने ओरमांझी और पिठोरिया के थाना प्रभारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने साफ कहा कि ड्यूटी में कोताही या लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।एसएसपी राकेश रंजन ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि अपराधियों के खिलाफ बिना किसी दबाव के सख्त कार्रवाई करें। चाहे अपराधी कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, पुलिस को निष्पक्ष होकर काम करना चाहिए।

## गुरु नानक देव जयंती 5 नवंबर को ,गुरु नानक जयंती मानवता, समानता, प्रेम और सत्य का उत्सवः संजय सर्राफ

संवाददाता । रांची

विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपरा में गुरु नानक देव जी का स्थान अत्यंत ऊँचा है। वे न केवल सिख धर्म के संस्थापक थे, बल्कि एक ऐसे संत, समाज सुधारक और मानवतावादी थे जिन्होंने पूरे विश्व को सत्य, करुणा और समानता का संदेश दिया। गुरु नानक देव जी की जयंती, जिसे गुरुपर्व या प्रकाश पर्व भी कहा जाता है, हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। इस वर्ष यह पावन पर्व 5 नवंबर दिन बुधवार को मनाया जाएगा। इस साल गुरु नानक देव जी की 556वीं जयंती होगी गुरु नानक देव जी का जन्म सन् 1469 ईस्वी में पंजाब के तलवंडी गाँव



(अब पाकिस्तान में ननकाना साहिब) में हुआ था। उनके पिता का नाम मेहता कालू और माता का नाम माता तृप्ता था। बचपन से ही वे अत्यंत बुद्धिमान, सत्यनिष्ठ और करुणामयी थे। सांसारिक वैभव से दूर, वे हमेशा ईश्वर की भक्ति और मानवता की सेवा में लीन रहते थे। यह जयंती गुरु नानक देव जी के जन्म दिवस के रूप में मनाई जाती है। इस दिन सिख समुदाय और उनके अनुयायी उनकी शिक्षाओं को स्मरण करते हुए कीर्तन, भजन, लंगर और सेवा के माध्यम से प्रेम, समानता और भाईचारे का संदेश फैलाते हैं। गुरु नानक देव जी ने समाज में फैले भेदभाव, अंधविश्वास और पाखंड का विरोध किया तथा ह्यएक ओंकार सतनामह्व का उपदेश दिया- अर्थात ईश्वर एक है और वह सबमें विद्यमान है।गुरु नानक देव जी की शिक्षाएँ तीन मूल सिद्धांतों पर आधारित थीं-नाम जपना-ईश्वर का स्मरण करना,किरत करना-ईमानदारी से जीवनयापन करना,वंड छकना- दूसरों के साथ बाँटकर खाना, उनके विचारों ने न केवल सिख धर्म की नींव रखी,

## ब्रीफ न्यूज

### घाटशिला की जनता अब परिवर्तन के मूड में है, हेमंत सरकार आदिवासी विरोधी हैः बाबूलाल मरांडी



#### धलभूमगढ़ में रावताड़ा और पाणिजिया में पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में हुए शामिल

संवाददाता ।

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने धालभूमगढ़ मंडल के रावताड़ा और पाणिनीय पंचायत में कार्यकर्ता सम्मेलन में हुए शामिल ।कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि घाटशिला की जनता अब पूरी तरह परिवर्तन के मूड में है। झामुमो सरकार की आदिवासी विरोधी और जनविरोधी नीतियों से हर वर्ग त्रस्त है। इस बार घाटशिला की आदिवासी समाज वोट के जरिए इस सरकार को करारा जवाब देगी।उन्होंने चाईबासा घटना का जिक्र करते हुए कहा आदिवासी युवा अपने जायज हक और मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन हेमंत सोरेन सरकार ने उन निहत्थे युवाओं और महिलाओं पर बेरहमी से लाठीचार्ज कराया और सैकड़ों पर झूठे मुकदमे दर्ज कर दिए। यह सरकार आदिवासियों के नाम पर राजनीति करती है, पर असल में उनकी आवाज को कुचलने का काम करती है।श्री मरांडी ने आगे कहा कि हेमंत सोरेन ह्यअबुआ सरकारह्व का नारा देते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद ह्यबबुआ के निर्देशह्व पर आदिवासी समाज पर लाठीझ्रगोली चलवाने का काम करते हैं। जनता अब सब समझ चुकी है और आने वाले उपचुनाव में झामुमो सरकार को इसका जवाब देगी।इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा भी उपस्थित थे।

### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री के जनता दरबार में उमड़ी फरियादियों की भीड़



संवाददाता ।

पर्व-त्यौहारों के बाद जनता दरबार में जहां फरियादियों की भीड़ नजर आई तो वहीं उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री पदाधिकारियों/कर्मचारियों की लापरवाही पर सख्त भी नजर आये। अंचल अधिकारी से लेकर कर्मचारियों को शोकॉज करने को कहा गया तो कई मामलों में जांच के आदेश भी दिये गये। आम जनता की समस्याओं के त्वरित और पारदर्शी समाधान के उद्देश्य से आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं अंचलों से बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं के समाधान हेतु उपस्थित हुए।सुजाता सेन अपने कैंसर पीड़ित पति के इलाज के परेशान थी, कुछ दिन पहले उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री के पहल पर ही उनका राशन कार्ड बनवाया गया और फिर आयुष्मान कार्ड ताकि राधानाथ मालाकार का इलाज हो सके। सुजाता सेन ने जनता दरबार में बताया कि अस्पताल द्वारा बताया गया है कि आगे का इलाज आयुष्मान कार्ड से संभव नहीं है। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा फौरन सिविल सर्जन से बात की गयी और मुख्यमंत्री गंभीर असाध्य रोग योजना के तहत राधानाथ के इलाज की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया। दस्तावेज संबंधी प्रक्रिया में कहीं बाधा न आये इसे लेकर शहर अंचलअधिकारी को भी निदेशित किया गया। एलआरडीसी कोर्ट के आदेश के बावजूद म्यूटेशन नहीं करने पर सीओ रातू को शोकॉजजनता दरबार में संजय गुप्ता ने बताया कि उपसमाहर्त्ता भूमि सुधार, सदर न्यायालय के आदेश के बावजूद उनका म्यूटेशन नहीं किया जा रहा है। यह आदेश 20.12.2024 को दिया गया था। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद रातू अंचल अधिकारी श्री रवि कुमार को शोकॉज करने के निर्देश दिये।कांके अंचल में दाखिल-खारिज किया गया अस्वीकृत, अपर समाहर्त्ता को जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देशकांके अंचल के सतीनाथ महतो ने अपनी खरीदी गयी 31 डिसिमल जमीन के लिए दाखिल-खारिज हेतु आवेदन दिया था। 21.05.2025 के उनके आवेदन को 31.10.2025 को खारिज कर दिया गया। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा इस मामले में अपर समाहर्त्ता को जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया।

### पारंपरिक तरीके से लुगुबुरू घांटाबाड़ी धोरोमगाढ़ राजकीय महोत्सव 2025 का हुआ शुभारंभ



संवाददाता ।

रांचीःप्रकृति की गोद में बसे जिले के गोमिया प्रखंड के ललपनिया के पवित्र स्थल लुगुबुरू घांटाबाड़ी धोरोमगाढ़ में सोमवार सुबह को राजकीय महोत्सव 2025 का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान और भक्तिपूर्ण माहौल में हुआ। पूरे क्षेत्र में जय लुगुबाबा के जयघोष और मांदर की थापों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह, नायके बाबा और आयोजन समिति अध्यक्ष श्री बबली सोरेन व अन्य सदस्यों ने पूजा-अर्चना कर तीन दिवसीय महोत्सव की शुरूआत की।आस्था का सैलाब-दस हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे लुगुबाबा के दरबार पहले ही दिन श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ा। दस हजार से अधिक श्रद्धालु लुगु पहाड़ पर चढ़कर लुगुबाबा के दर्शन के लिए पहुंचे।सूर्योदय के साथ ही श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में गीत-संगीत गाते हुए आस्था की राह पर आगे बढ़ते* दिखाई दिए।भक्तों ने कहा कि लुगुबाबा हमारे पुरखों की आत्मा हैं, हमारी धरती और हमारे धर्म के रक्षक। यहां आकर मन को शांति और आत्मा को शक्ति मिलती है।लोकसंस्कृति और परंपरा का जीवंत उत्सवलुगुबुरू महोत्सव केवल पूजा का पर्व नहीं, बल्कि यह झारखंड की आदिवासी अस्मिता, लोक संस्कृति और सामूहिक एकता का जीवंत उत्सव है।

# सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

## ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को पेंशन योजना से जोड़ने का उपायुक्त ने दिया निर्देश



रामगढ़, संवाददाता

सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ श्री फैज अक अहमद मुमताज ने अपने कार्यालय कक्ष में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री शंकर प्रसाद के द्वारा उपायुक्त को रामगढ़ जिले में केंद्र एवं राज्य प्रायोजित पेंशन योजनाओं के तहत लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की जानकारी दी गई। इस दौरान सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा द्वारा बताया गया कि केंद्र प्रायोजित पेंशन योजनाओं में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के तहत 25620 लाभुकों को सिंतबर 2025 तक पेंशन प्रदान कर दिया गया है। राज्य प्रायोजित पेंशन योजना के तहत सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा के द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई की सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री आदिम जनजाति पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य एचआईवी एड्स पीड़ित व्यक्तियों के लिए पेंशन योजना, स्वामी विवेकानंद निशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना एवं मुख्यमंत्री ट्रांसजेंडर पेंशन योजना के तहत स्कूल 96464 लाभुकों को अक्टूबर 2025 तक का पेंशन उपलब्ध करा दिया गया है वहीं मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 99785 लाभुकों को अक्टूबर 2025 तक का सम्मान राशि उपलब्ध करा दिया गया है। जिस पर उपायुक्त ने ससमय लाभुकों को सम्मान राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग को रामगढ़ जिला अंतर्गत ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को पेंशन योजना से जोड़ने पर विशेष ध्यान देते हुए शिविर आयोजित कर कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

### नगर परिषद एवं छावनी परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी उपायुक्त ने की समीक्षा

**रामगढ़ :** सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ श्री फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में रामगढ़ जिला अंतर्गत नगर परिषद एवं छावनी परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा सर्वप्रथम पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई जिसके उपरांत उन्होंने अलग-अलग योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली गई एवं नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उनके द्वारा 15वें वित्त आयोग, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के भी समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उपायुक्त द्वारा क्षेत्र में साफ सफाई, जल जमाव आदि के तहत किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी लेते हुए इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, नगर प्रबंधक नगर परिषद सहित अन्य उपस्थित थे।

# रामगढ़ जिला मे प्रखंड स्तरीय उर्दू प्रतियोगिता हुई आयोजित, 365 अभ्यर्थी हुए परीक्षा में शामिल



रामगढ़, संवाददाता

अंजुमन फरोग ए उर्दू, रामगढ़ जिला इकाई के द्वारा तीन प्रखंडों क्रमशः पतरातु, गोला और मांडू में प्रखंड स्तरीय उर्दू प्रतियोगिता आयोजित की गई। सोमवार को पतरातू , मांडू और गोला प्रखंड में क्रमशः 10, 12 और 2 बजे परीक्षा आयोजित की गई। पतरातु प्रखंड अंतर्गत ब्राइट बिगिनिंग स्कूल अमवा टांड हेहल में, गोला प्रखंड के आदर्श हाई स्कूल सोसो कलां में तथा मांडू प्रखंड के कर्मा उच्च विद्यालय कर्मा में संपन्न हुई। तीनों प्रतियोगिता में कुल 365 अभ्यर्थी शामिल हुए। जिनकी दो प्रकार की प्रतियोगिता अर्थात उर्दू ज्ञान प्रतियोगिता और उर्दू लेखन प्रतियोगिता परीक्षा ली गई। अभ्यर्थियों को आयु के अनुसार दो वर्ग में बांटा गया था। जूनियर वर्ग में 10 से 15 वर्ष के बच्चे और सीनियर वर्ग में 16 से 20 वर्ष के बच्चों को रखा गया। इस प्रतियोगिता परीक्षा के पर्यवेक्षक के रूप में क्रमशः जिला सदस्य अब्दुल अजीज, तस्लीम फैजी और मो हातिम अंसारी उपस्थित थे। परीक्षा के तुरंत बाद पर्यवेक्षकों की देखरेख में ही कॉपी जांच की गई। आज की प्रतियोगिता में चयनित 36 अभ्यर्थियों को जिले के अन्य प्रखंडों के चयनित अभ्यर्थियों के साथ प्रशस्ति पत्र से नवाजा जाएगा। इस अवसर पर जिला प्रभारी डॉ शाहनवाज खान ने बताया कि उर्दू दिवस के अवसर पर 9 नवंबर को नईसराय ईदगाह मेन रोड रामगढ़ में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा। उक्त समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर रामगढ़ के उपायुक्त जनाब फैज अक अहमद मुमताज और विशिष्ट अतिथि के तौर पर एसपी अजय कुमार के हाथों प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। रामगढ़ जिले के बाकी तीन प्रखंडों रामगढ़ सदर, दुलमी और चितरपुर में उर्दू प्रतियोगिताएं 6 नवंबर को आयोजित की जाएगी। परीक्षा को सफल बनाने में पतरातु प्रखंड कन्वेनर दिलदार अंसारी, गोला प्रखंड कन्वेनर मो सज्जाद अंसारी और मांडू प्रखंड कन्वेनर मो फरीद अंसारी के साथ जिला कमिटी जिला कमिटी सरस्यों जैसे रमीजुर्रहमान, मो शाहिद रजा, सोहेल अंसारी, मुफ्ती तनवीर अहमद, के अलावा मो इमरान, मो नुमान, विक्की खान, राजा खान, सौलत फहद, खुर्शीद अनवर, नरेश प्रजापति, तुलसी विश्वकर्मा, ईश्वर प्रसाद गुप्ता, फैज आलम, खतीब आलम, दबीर आलम, अमीरुल हसन आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सरकारी जमीन पर कब्जे के खिलाफ झामुमो का ज्ञापन, कार्रवाई की मांग



धनबाद, संवाददाता

प्रखंड सचिव निर्मल रजवार के नेतृत्व में सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का एक प्रतिनिधिमंडल बलियापुर के अंचल अधिकारी (सीओ) मुरारी नायक से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए पलानी एवं आमटाल मौजा में सरकारी खास जमीनों पर भू-माफियाओं द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि आमटाल और पलानी क्षेत्र की करीब चार दर्जन से अधिक सरकारी खास प्लॉटों पर भूमाफियाओं ने अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है। झामुमो प्रतिनिधिमंडल ने सीओ से इन सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराए जाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने इसी मुद्दे पर बलियापुर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) प्रभाष चंद्र दास को भी एक ज्ञापन सौंपा और पूर्व में दिए गए सात सूत्री मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग दोहराई। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में राजेंद्र हेंब्रम, रमेश महतो, विजय महतो, इसराइल अंसारी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सम्पूर्ण भागवत भगवान का विग्रह रुप का वर्णन है : सुश्री ब्रज प्रिया किशोरी जी



धनबाद, संवाददाता

शहरपुरा शिव मंदिर प्रांगण में श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन भक्तगणों को प्रिया जी बताईं की कल 3 बजे से 7 बजे तक हीं श्रीमद्भागवत कथा होगा। श्रीकृष्ण भगवान के बाल लिलाओं समेत जीवन के महत्वपूर्ण लीला/ प्रसंग/ रासलीला का आनंदित तरीके से संगीतमय वर्णन तथा झांकी के द्वारा मंचन के द्वारा सुश्री ब्रज प्रिया किशोरी जी ने बताया की श्रीमद्भागवत कथा भगवान के विग्रह रुप का वर्णन है। भगवान श्रीकृष्ण भैया बलदेव संग मथुरा जाकर मल्लयुद्ध कर कंस का वध कर अधर्म पर धर्म के विजय का परचम फहराए। आगे रुक्मिणी प्रसंग में बताईं की रुक्मिणी साक्षात लक्ष्मी हैं जो नारायण से दुर नहीं रह सकतीं हैं इसलिए लक्ष्मी प्राप्ति के लिए नारायण का अराधना करें। रुक्मिणी और द्वारकाधीश की संगीतमय झांकी/भजन से भक्तगण आनंद में झुमते रहे। भागवत कथा कहने सुनने से भक्ति ज्ञान वैराग्य की उत्पत्ति से मोह शोक भय और आसक्ति से मुक्ति मिलती है तथा सत्य समर्पण और न्याय जैसे नैतिक गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। प्रिया जी ने आगे बताया की कथा का सार हीं हम सबके जीवन का उद्देश्य हीं परमात्मा को पाना है जिससे हमें मानसिक शांति और आत्मविश्वास प्राप्त होता है जिससे हृदय में भक्ति आनंद और प्रेम के संचार से अहंकार और आसक्ति से उठकर संतत्व की प्राप्ति होता है। भागवत कथा हमें वर्तमान में जीना सिखाती है क्योंकि शोक अतीत से, आसक्ति वर्तमान से और भय भविष्य से जुड़ा है। भागवत कथा का मुल सदाचार है जिसको सुनने से नैतिक और संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा मिलता है। सदाचार जीवन जीने वाले को समाज में प्रतिष्ठा मिलती है जो भगवान के सबसे प्रिय भक्त वत्सल होते हीं होते हैं। माता गंगा में स्नान से तन और मन पवित्र होता है वैसे हीं श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से अंतरात्मा पवित्र होकर परमात्मा से जुड़ती है। प्रिया जी ने समस्त सिंदरी वासियों के लिए मंगलकामना करते हुए बताईं की संसार का मूल आधार और अत्यंत श्रेष्ठ में भी श्रेष्ठतम परम पुरुष अराध्य देव परमात्मा हैं। उसके प्राप्ति का साधन इस कलिकाल में सत्संग से जुड़कर श्रीमद्भागवत के मूल मंत्रों का अनुसरण एवं शरणागत हो जाना हीं मानव कुंजी है। श्रीमद्भागवत कथा में मुख्य रूप से यजमान अमोद कुमार सिंह संग धर्मपत्नी श्रीमती उषा सिंह, अखिलेश सिंह, रितेश पांडेय के साथ साथ प्रशांत कुमार दुबे, दिनेश सिंह, समेत सैकड़ों हजारों महिला पुरुष श्रद्धालु भक्तगण कार्यक्रम के अंत अंत तक झुमते गाते हुए भक्तिमय वातावरण का आनंद उठाए और रात 10.30 में भोग अर्पण वितरण सुसंपन्न होने पर प्रसाद लेकर गंतव्य की ओर प्रस्थान किए।

# निरसा क्षेत्र में कंपनियों की सीएसआर राशि का नहीं हो रहा सदुपयोग : राजेश कुमार मिश्रा



**एग्यारकुंड।** राष्ट्रीय जनता कामगार संघ के मुगमा एरिया अध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सोमवार को कुमारधुबी कार्यालय में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुमारधुबी कोलियरी, बरमूड़ी ओसीपी, राजपुरा कोलियरी के अध्यक्षों एवं सचिवों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य विषय सीएसआर फंड (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) रहा। राजेश मिश्रा ने कहा कि निरसा विधानसभा क्षेत्र में एमपीएल, डीवीसी पावर प्लांट, पंचेत डैम, नटराज, अरुण रिफैक्ट्री, मैथन श्रमिक, ओम वोस्को, अंकुर बायो केमिकल जैसी दर्जनों फैक्ट्रियां हैं, परंतु इन कंपनियों द्वारा सीएसआर के तहत क्षेत्र में कोई ठोस विकास कार्य नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कंपनी को अपने सालाना टर्नओवर का दो प्रतिशत सीएसआर मद में खर्च करना होता है, जो स्थानीय ग्रामीणों के विकास — जैसे बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और खेल-कूद की सुविधाओं पर लगाया जाना चाहिए। लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर इसका विवरण जनता के बीच प्रस्तुत नहीं किया गया है। मिश्रा ने आरोप लगाया कि वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधियों द्वारा भी सीएसआर फंड की पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की गई, जिसके कारण कंपनियां करोड़ों रुपये जनता के विकास कार्यों से दूर रखे हुए हैं। उन्होंने घोषणा की कि राष्ट्रीय जनता कामगार संघ जल्द ही निरसा, एग्यारकुंड, केलियासोल प्रखंडों से लेकर मुगमा एरिया के जीएम से मुलाकात कर जनता का पैसा जनता के विकास में खर्च कराने की मांग उठाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से राजन कुमार, दिलीप बाउरी, धर्मेंद्र पासवान, अरुण महतो, बलराम मल्लाह, एवं अजीज आलम उपस्थित थे।

# ओआरएस शब्द वाले पेय पदार्थों के निर्माण एवं विक्रय पर प्रतिबंध - खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई



कोडरमा, संवाददाता

खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) द्वारा प्रभावी आदेश के अनुसार, किसी भी फूड लाइसेंस प्राप्त पेय पदार्थ के ट्रेडमार्क या ब्रांड नाम में 'ओआरएस' शब्द (चाहे वह उपसर्ग अथवा प्रत्यय के रूप में प्रयुक्त हो) का उपयोग भ्रामक (misleading) पाया गया है। अतः ऐसे सभी पेय पदार्थों का निर्माण, भंडारण, वितरण एवं विक्रय प्रतिबंधित किया गया है।

प्रतिबंधित पेय पदार्थों में ORS शब्द वाले उत्पाद जैसे ORSL, Glucon D Activ-ORS, Rebalanz ORS आदि शामिल हैं। यद्यपि इन उत्पादों पर "Not ORS" लिखा होता है, फिर भी इनका उपयोग उपभोक्ताओं को भ्रमित कर सकता है, इसलिए इन पर प्रतिबंध लागू रहेगा। कोडरमा जिला में उक्त आदेश के अनुपालन हेतु आज खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा झुमरी तिलैया स्थित विभिन्न दवा दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारोबारियों को इस आदेश की जानकारी दी गई तथा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि जिन पेय पदार्थों के नाम में "ORS" शब्द आता है, उनका विक्रय तत्काल प्रभाव से बंद करें।

सभी थोक एवं खुदरा विक्रेताओं (Stockists and Retailers) को निर्देश दिया जाता है कि जिनके पास ऐसे प्रतिबंधित उत्पाद उपलब्ध हैं, वे उन्हें शीघ्र ही संबंधित निमार्ता कंपनी को वापस करें तथा उनका विपणन या विक्रय न करें। जिला खाद्य सुरक्षा विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि निरीक्षण के दौरान ऐसे प्रतिबंधित पेय पदार्थ पाए जाते हैं, तो संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम (FSS Act) की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# स्वास्थ्य शिवर की तैयारी को ले कर प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा लिया गया बिरहोर टोला का जायजा



कोडरमा, संवाददाता

उपायुक्त महोदय कोडरमा के निदेशानुसार आकांक्षी प्रखंड मरकच्चो में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।इन कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेने प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो बिरहोर टोला तेलियामारन एवं बिरहोर कॉलोनी बरियारडीह गए। इस क्रम में मरीजों को सुविधा उपलब्ध करने के लिए आवश्यक निर्देश संबंधित कमीयों को दिए। यह शिविर मुख्य रूप से बिरहोर समुदाय के लिए आयोजित किया गया है। मेले का आयोजन दिनांक 04/11/2025 को तेलीयमारन एवं 05/11/2025 को बरियारडीह में किया जाएगा।मेले का आयोजन पूर्वाह्न 6:30 बजे से किया जाएगा। इस क्रम में कनीय अभियंता निखिल चंद्र महतो, पंचायत सेवक, ग्राम रोजगार सेवक एवं पंचायत सहायक मौजूद रहे।

## चाईबासा में थैलेसीमिया पीड़ितों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने की घटना पर भाजपा का आक्रोश

# बोकारो में सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना, स्वास्थ्य मंत्री पर गंभीर आरोप

बोकारो, संवाददाता



चाईबासा में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को एचआईवी पॉजिटिव रक्त चढ़ाए जाने की घटना के विरोध में सोमवार को भाजपा बोकारो जिला इकाई ने सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय शांतिपूर्ण धरना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने की। धरना में शामिल कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर तीखी प्रतिक्रिया जताते हुए राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया। जयदेव राय ने कहा कि झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। सरकारी डॉक्टर अपने कार्यस्थल को छोड़ निजी अस्पतालों में सेवा दे रहे हैं, जिससे आम मरीजों की जान खतरे में है। उन्होंने कहा कि चाईबासा में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाया जाना राज्य के स्वास्थ्य तंत्र की भयावह विफलता का उदाहरण है। यदि स्वास्थ्य मंत्री अपने विभाग पर ध्यान देते, तो यह स्थिति नहीं आती। राय ने कहा कि इस घटना ने रक्त सुरक्षा एवं जांच प्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। भाजपा नेता रोहित लाल ने भी राज्य सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि स्वास्थ्य मंत्री में संवेदनशीलता का अभाव है। उन्हें यह तक समझ नहीं है कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ कैसे किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सुधार नहीं हुआ, तो भाजपा कार्यकर्ता सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। धरना स्थल पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त अनियमितताओं के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और मांग की कि दोषी अधिकारियों एवं जिम्मेदार चिकित्सकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

# बीएसएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन, सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी पर हुआ जोर



बोकारो, संवाददाता

बोकारो स्टील प्लांट में 27 अक्टूबर से मनाए जा रहे सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी थीम पर आधारित सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह आज मानव संसाधन विभाग के ज्ञानार्जन एवं विकास मुख्य प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार बोकारो स्टील प्लांट श्री आलोक वर्मा थे। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ श्री ज्ञानेश झा, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। श्री झा ने सप्ताह के दौरान हुए कार्यक्रमों की जानकारी दी, जबकि श्री वर्मा ने सतर्कता शपथ दिलाई और कहा कि सभी हितधारकों को सतर्कता के इस अभियान से जोड़कर ही भ्रष्टाचार-मुक्त भारत का निर्माण संभव है। अंत में भाषण, निबंध, पोस्टर, कविता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरीय प्रबंधक (सतर्कता) श्रीमती चित्रा पराशर ने किया।

## श्रुति सोनी ने सीए की परीक्षा पास कर बेरमो का नाम रोशन किया

# सफलता के लिए निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास जरूरी है : कृष्णा प्रसाद



बोकारो, संवाददाता

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीएआइ) ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) फाइनल परीक्षा सितम्बर 2025 का रिजल्ट सोमवार को जारी कर दिया है। बेरमो के फुसरो नगर परिषद क्षेत्र स्थित जवाहर नगर में रहने वाली श्रुति सोनी ने सीए की परीक्षा पास कर बेरमो कोयलांचल का नाम रोशन किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व भाई को दिया है। श्रुति के पिता कृष्णा प्रसाद व्यवसाई है, जबकि मां पुष्पा सोनी गृहणी है। परिवार में भी खुशी का माहौल है। श्रुति ने बताया कि उन्होंने शुरूआत में रोजाना 6-7 घंटे पढ़ाई की, परीक्षा नजदीक आने पर 10 से 11 घंटे रोजाना पढ़ाई की।

श्रुति का कहना है कि सेल्फ स्टडी के लिए जो भी समय मिले, उसका सही उपयोग करना चाहिए। कहा कि बच्चों को लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करनी चाहिए। रोजाना का टारगेट तय करके पढ़ाई करने से सफलता मिल जाती है। उन्होंने 10 वीं भरत सिंह पब्लिक स्कूल 12 वीं डीएवी ढोरी, बीकम वोमेन्स कॉलेज रांची और एम कम इग्नू से से पास की थी। उनके पिता कृष्णा प्रसाद का कहना है कि श्रुति की सफलता मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। भाभी रिशु सोनी का कहना है कि ₹प्रतिभा सिर्फ महानगरों में नहीं, बल्कि छोटे कस्बों में भी होती है। सफलता के लिए निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास जरूरी है।₹ उन्होंने कहा कि भविष्य में अच्छी नौकरी और उच्च पैकेज पाने के लिए अंग्रेजी में दक्षता अनिवार्य है, क्योंकि अधिकांश संस्थानों में कार्य इसी भाषा में होता है। श्रुति के दो भाई विकास कुमार सोनी और नीतीश कुमार सोनी है ।

# व्यक्तिगत उत्कृष्टता संगठन की सामूहिक प्रगति का प्रतीक : आलोक वर्मा

बोकारो, संवाददाता

बोकारो इस्पात संयंत्र में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से एग्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर अवार्ड स्कीम के अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बोकारो निवास के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आलोक वर्मा, निदेशक प्रभारी राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार बोकारो स्टील प्लांट उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक, संबंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक तथा अन्य वरीय अधिकारी भी मौजूद थे। बीएसएल एवं झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस के कुल नौ अधिकारियों को एग्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर अवार्ड से सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्तकताओं में ओम प्रकाश, प्रशांत कुमार श्रीवास्तव, चंदन कुमार, राकेश कुमार वेलपुरी, सुनील कुमार, राजीव रंजन, आभा कुमारी, आयुष केडिया एवं प्रदीप कुमार जायसवाल शामिल हैं। आलोक वर्मा ने सभी पुरस्कृत अधिकारियों एवं उनके परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल व्यक्तिगत उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि संगठन की सामूहिक प्रगति के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी है। उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार उत्पादन, उत्पादकता, लागत नियंत्रण तथा नवाचार के क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किया जाता है। सभी पुरस्कृत अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में उत्कृष्टता बनाए रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का समन्वय अभिषेक (सहायक प्रबंधक, मानव संसाधन) द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन माला रानी (उप महाप्रबंधक, मानव संसाधन) ने किया।

